इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा
बाह्य-विस्तार कार्यक्रम (Outreach Programme) का आयोजन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा रविवार, दिनांक 8 मार्च 2020 को एक बाह्य-विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नीति आयोग के नियोजन एवं विकास इकाई के अन्तर्गत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य, रक्त दान, रक्त समूह तथा विशेष रूप से कॅरोना वायरस (कोविद-19) से बचाव की जानकारियों का प्रसार करना था। इसके लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के नोडल अधिकारी तथा 86 बार रक्तदान कर चुके श्री अमित बनर्जी एवं उनकी पत्नी श्रीमती संगीता बनर्जी ने लोगों को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने की भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों के प्रश्नों तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रशान्त कुमार घोष, बाह्य-विस्तार कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर किरन सिंह के नेतृत्व में विभाग के कई शोध छात्र एवं छात्राओं द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गयी। शोधार्थियों में रश्मि द्विवेदी, श्वेता कुमारी, शिल्पी राय, अमरजीत यादव, अनिल कुमार, अंगद यादव तथा योगेन्द्र नारायण सिंह ने विशेष भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 25 किमी. दूर विकास खण्ड बहरिया स्थित दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर गाँव में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण पुरुषों एवं महिलाओं के अलावा आशा बहन श्रीमती संगीता तिवारी, स्वयं सहायता समूह से सम्बद्ध श्रीमती शशिकला, पूर्व ग्राम प्रधान श्री दीनानाथ तिवारी तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री प्रेम शंकर ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। इस कार्यक्रम के आयोजन में तिवारीपुर के श्री विजय त्रिमूर्ति यादव ने अग्रणी भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के अगले चरण में उपरोक्त गाँव के लोगों के रक्त की निःशुल्क जाँच करके उनके रक्त समूह कार्ड बनाये जायेंगे।

छात्र संख्याविवरण
Department of Economics,